मुंबईकरों को भूमिगत मेट्रो की सेवा 2021 से !

Neeraj.Tiwari@timesgroup.com

■ **मुंबई :** महानगर की पहली भूमिगत मेट्रो लाइन-3 (कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज) का निर्माण आरंभिक रुकावटों के बाद रफ्तार पकड़ रहा है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) के मुताबिक परियोजना का भूमिगत मार्ग 2020 तक बन कर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा मुंबईकरों को पहली भूमिगत मेट्रो लाइन दिसंबर,2021 तक सेवा में उपलब्ध होगी।

मुंबई महानगर की मेट्रो लाइन-3, जो शुरुआत में मुश्किलों से गुजर रही थी, लेकिन अब इसके काम ने रफ्तार पकड़ ली है। इस मेट्रो लाइन का सबसे मुश्किल काम 33.5 किमी लंबा भूमिगत मार्ग तैयार करना है। शुक्रवार को नया नगर स्थित शॉफ्ट में पहली टीबीएम मशीन से इस भूमिगत मार्ग के लिए सुरंग का काम शुरू किया गया। एमएमआरसीएल के अनुसार, परियोजना का सबसे मुश्किल काम 33 किलो मीटर लंबी सुरंग बनाना है, यह काम 2020 तक पूरा हो जाएगा। इसके लिए 17 टीबीएम का उपयोग किया जाना है। इनमें से 4 मुंबई पहुंच चुकी हैं, जबकि अन्य 13 टीबीएम खेप दर खेप, फरवरी,2018 तक मुंबई पहुंच जाएंगी।

भूमिगत मार्ग 2020 तक होगा तैयार

एमएमआरसीएल की प्रबंधन निदेशक अश्विनी भिड़े ने बताया कि मेट्रो-3 के लिए लगने वाली 17 टीबीएम मशीनों में से 4 मुंबई पहुंच गईं है, जबकि 12 मशीनों की सभी प्रकार की जांच पूरी हो चुकी है। जल्द ही इन मशीनों की डिलीवरी मुंबई में की जाएगी। भिड़े ने मेट्रो लाइन का भूमिगत मार्ग 2020 तक पूरा हो जाने की बात कही।

इन जगहों से शुरू होगा खुदाई का काम

33.5 किलो मीटर लंबी टनल के लिए मुंबई महानगर में 7 शाफ्ट बनाए गए हैं। जहां से भूमिगत मार्ग की खुदाई की जाएगी।

कोलाबा वूड्स कफ परेड

- *2 टीबीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा*
- *इनमें 4 स्टेशनों कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट और हुतात्मा चौक स्टेशन तक की टनल का निर्माण किया जाएगा*
- *हालांकि इस शाफ्ट में मशीन की लॉंचिंग की जानी है, पर रात में निर्माणकार्य पर बंबई उच्च न्यायालय ने प्रतिबंध लगा दिया है।*

साइंस म्यूजियम, वर्ली शाफ्ट

- *2 टीबीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा*
- *मुंबई से वर्ली के बीच टनल बनाई जाएगी*
- *इसमें 5 स्टेशनों के नाम शामिल होंगे*

file pic

नया नगर शाफ्ट

- *खुदाई का काम शुक्रवार से हुआ शुरू*
- *1 टीबीएम मशीन को किया गया ऐक्टिव*
- *नया नगर शाफ्ट से 2.5 कि.मी टनल बनाई जाएगी।*
- *इसमें तीन स्टेशन होंगे, सिद्धिविनायक से शीतला देवी तक होगा मार्ग*
- *तीन टीबीएम मशीनों का होगा उपयोग, 2 को शाफ्ट में उतारा गया*
- *24 घंट में 10 मीटर की बनेगी टनल*

आजाद मैदान शाफ्ट

- *इस शॉफ्ट में कुल 2 टीबीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा*
- *1 मशीन को शाफ्ट में उतारा गया है, जबकि दूसरी मशीन 15 नवंबर तक शाफ्ट में उतारी जाएगी*
- *इस शाफ्ट से छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से ग्रांट रोड स्टेशन तक भूमिगत मार्ग का निर्माण किया जाएगा*
- *इसमें सीएमटीएम, गिरगांव, कालबादेवी और ग्रांट रोड स्टेशन शामिल हैं।*

विद्यानगरी, कालीना शाफ्ट

- *इस शाफ्ट से बीकेसी और सांताक्रुज तक के भूमिगत मार्ग की खुदाई की जाएगी*
- *इसमें 3 टीबीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा*
- *इनमें 3 स्टेशनों का भूमिगत मार्ग बनाया जाएगा*
- *बीकेसी, सांताक्रुज और विद्यानगरी स्टेशनों को जोड़ा जाएगा*

सहार, रोड शाफ्ट, अंधेरी (पू)

- *2 टीबीएम मशीनों से टनल का निर्माण किया जाएगा*
- *इनसे टी-1, टी-2 और जीवीके स्काई सिटी स्टेशनों तक टनल का निर्माण किया जाएगा*
- *यहां से मेट्रो लाइन 7 दहिसर (पू)-अंधेरी (पू) को भी जोड़ा जाएगा*

पाली ग्राउंड शाफ्ट

- *यहां से मेट्रो डिपो तक टनल का निर्माण किया जाएगा*
- *इसमें 3 टीबीएम मशीनों का उपयोग होगा*
- *मेट्रो लाईन-1 घाटकोपर-वर्सोवा को जोड़ा जाएगा*